सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

पौष 29, सोमवार, *शाके* 1947- जनवरी 19, 2026

Pausa 29, Monday, Saka 1947- January 19, 2026

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-बेगूं

अधिसूचना

बेगूं, जनवरी 14, 2025

[अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (1)]

Rajkaj 19906676 :-राजस्थान के राज्यपाल महोदय द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानानुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक प.1(150)राज-6/2016/02 दिनांक 27.01.2017 के निर्देशानुसार **चितौड़गढ़ जिले की बेगूं तहसील में बेगूं बाईपास सड़क निर्माण परियोजना** हेतु आवश्यक भूमि अवाप्ति प्रयोजनार्थ निम्नानुसार प्रभावित गांवों में भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित हैं।

क्र.सं.	जिला	तहसील	राजस्व गांव
1	चितौड़गढ़	बेगूं	बेगूं
2	चितौड़गढ़	बेगूं	चैनसिंहजी का राजपुरा
3	चितौड़गढ़	बेगूं	धुलखेड़ा
4	चितौड़गढ़	बेगूं	दोलतपुरा
5	चितौड़गढ़	बेगूं	जूनी बेंगू
6	चितौड़गढ़	बेगूं	लक्ष्मीगंज
7	चितौड़गढ़	बेगूं	माधोपुर
8	चितौड़गढ़	बेगूं	पाछुन्दा
9	चितौड़गढ़	बेगूं	पिपली खेड़ा
10	चितौड़गढ़	बेगूं	सुली मगरा

उक्त बाईपास सड़क निर्माण परियोजना हेतु नियमानुसार सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन का कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-बेगूं द्वारा एसआईए एजेन्सी का चयन कर करवाया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गांवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित

प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:-

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गांवों में समुचित स्थान पर प्रदर्शित की जावेगी। तत्पश्चात् प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार के उपरान्त जनसुनवाई की जावेगी, जिसका कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकार्ड किया जावेगा।
3. जनसुनवाई के दौरान आये सुझावों/आपत्तियों के समुचित समाधान को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबन्ध योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में सम्बन्धित पंचायत/नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सामाजिक समाघात मूल्याकंन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अकृत और शुन्य बना देगा।
6. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से अधिकतम 6 माह की अवधि से पूर्व सम्पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

सम्पर्क सूत्र:-

सामाजिक समाघात निर्धारण इकाई

कार्यालय अधिशाषी अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग,

खण्ड-बेगूं, जिला-चितौड़गढ़ (राज) 312023

फोन नं. 7742966555

ई-मेलः eepwd.begun@gmail.com

आदेश द्वारा,

आर.के. लूथरा,

संयुक्त सचिव (पथ),

सा.नि.विभाग राजस्थान जयपूर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।